## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिन जमा नहीं होंगे नाम निर्देशन पत्र

**मण्डला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च 2024 से प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के लिए नाम निर्देशन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। 23 मार्च को चतुर्थ शनिवार (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट) के तहत अवकाश होने एवं 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश होने से इन दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। प्रथम चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च 2024 है।

### वीडियोग्राफर तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग संबंधी प्रशिक्षण आज

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत वीडियोग्राफर तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग से संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण 23 मार्च को जिला योजना भवन में आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नियुक्त समस्त वीडियोग्राफर का प्रशिक्षण 23 मार्च 2024 को प्रातः 10:30 बजे से 11 बजे तक तथा ईडीसी, पोस्टल बैलेट, होम वोटिंग संबंधी प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला योजना भवन में आयोजित किया जाएगा। संबंधितों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों पर जीपीएस लगवाने नोडल अधिकारी नियुक्त

**मण्डला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रत्येक मतदान दलों एवं सेक्टर ऑफिसर के वाहनों में ईव्हीएम, व्हीव्हीपेट लाने एवं ले जाने वाले प्रत्येक वाहन पर जीपीएस का उपयोग सुनिश्चित कराने के लिए संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनकी सहायता हेतु वरिष्ट प्रशिक्षक आरसीबीसी केन्द्र शैलेष यादव एवं प्रशिक्षक आरसीबीसी केन्द्र सुधीर सिंगौर को नियुक्त किया गया है। नियुक्त कार्मिक ईव्हीएम व्हीव्हीपेट के परिवहन में प्रयुक्त होने वाले प्रत्येक वाहन पर जीपीएस लगवाने एवं जिला स्तर पर जीपीएस वाहनों की ट्रेकिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित कर जीपीएस कार्य की मॉनीटरिंग की व्यवस्था अनिर्वायतः सुनिश्चित करावेंगे।

## कमल का बटन दबाकर अधर्मियों का नाश कीजिए

# विकास सिर्फ भाजपा ही करती है






*** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कुलस्ते ने दाखिल किया नामांकन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अयोध्या से लेकर अरब देशों तक हमारी सनातन संस्कृति और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयः' के विचार को पहुंचाने के लिए एक व्यक्ति दिन-रात, चौबीसों घंटे लगातार काम कर रहा है और उस व्यक्ति का नाम है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। हमें उन पर गर्व है। कई जन्मों के पुण्यों के आधार पर हमें ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं, जिनका अपना कोई मकान नहीं, कोई औलाद नहीं, कोई परिवार नहीं और जो 142 करोड़ देशवासियों को ही अपना परिवार समझते हैं। कांग्रेस के जमाने में देश में सिर्फ भ्रष्टाचार होता था, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनी है, देश में सिर्फ विकास हो रहा है। देश और प्रदेश के विकास के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नं-1 बनाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के साथ लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने का संकल्प लें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को मंडला में निषादराज भवन स्टेडियम के पास स्थित मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

### मोदी जी के कार्यकाल में हुए अभूतपूर्व निर्णय : डॉ मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अनेक यशस्वी और अभूतपूर्व निर्णय हुए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। राम राज्य में और भगवान कृष्ण के काल में कोई व्यक्ति भूखा नहीं रहता था। उसी तरह हमारे प्रधानमंत्री जी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। गरीब से गरीब आदमी को भी रहने के लिए छत देना मामूली बात नहीं है। हर गरीब का आशियाना बन जाए, यह सपना देखने के लिए भी हिम्मत चाहिए और यह हिम्मत उसी के पास हो सकती है, जिसका मन पवित्र हो, आत्मा साफ हो और काम करने की इच्छाशक्ति हो। हमें गर्व हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के पास ये सभी कार्य करने की खूबियां हैं। कांग्रेस की सरकार ने धारा 370 लगाकर कश्मीर के मामले को उलझा दिया, जिसके कारण 40 हजार लोगों की हत्याएं हुईं। हमारी पार्टी ने इसका विरोध किया। 1951 में धारा 370 का विरोध करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान दे दिया था। धारा 370 हो या राम मंदिर का मुद्दा हो, कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते इनको अटकाती रही। कांग्रेस के लोग कहते थे 370 हटाई गई, तो देश जल जाएगा, दंगे भड़क जाएंगे। दोनों मुद्दे हल हो चुके हैं और देश में कहीं कोई दंगा नहीं हुआ।




### रोज कांग्रेस छोड़ रहे लोग

डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस की दुकान हर रोज साफ हो रही है और रोजाना लोग कांग्रेस छोड़ रहे हैं। लेकिन हमारे साथ चलने के लिए हिम्मत चाहिए। हमने भी उनसे ये कहा है कि अगर आप जनता की सेवा के लिए, देशभक्ति के जज्बे के लिए भाजपा में आना चाहते हैं, तो आपका स्वागत है। लेकिन अगर आपकी सोच गड़बड़ है, तो भारतीय जनता पार्टी में आपके लिए जगह नहीं है। आप वहीं रहिए जहां हैं।

### गरीबों के साथ खड़ी हमारी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले हमने नारा दिया था 'मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी'। आपने हमारी बात मानी और 163 विधायकों के साथ हमारी सरकार बनी। हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है वह कदम से कदम मिलाकर हर गरीब के साथ खड़ी रहेगी। हमारी सरकार बनने के बाद जब एक अफसर ने एक ड्राइवर से उसकी औकात पूछी, तो हमने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, किसी गरीब का अपमान सहन नहीं करेगी। हमने तुरंत एक्शन लिया। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार में गरीबों का सम्मान सबसे पहले है। सरकार पर सबसे पहला अधिकार गरीबों का है, किसानों, युवाओं और महिलाओं का है। यहां बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें बैठी हैं, क्या कोई महीना ऐसा गया, जब खाते में पैसा न आया हो। हर किसान के लिए किसान सम्मान निधि हमारी सरकार लगातार दे रही है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों का विकास नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के जीवन में खुशी लाने का कार्य किया है। नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी भाई-बंधुओं को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उनका विकास करने का कार्य किया है।

### मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने वोट करें

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मंडला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को अपार जन समर्थन और जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। जहां तक जनता जनार्दन दिखाई दे रही है, उसमें बड़ी संख्या केंद्र या मध्यप्रदेश की भाजपा की डबल इंजन सरकार के हितग्राहियों की है। श्री शर्मा ने कहा कि मैं आप सभी जनता जनार्दन से अपील करता हूं कि मंडला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को ऐतिहासिक बहुमत से जिताकर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान करें। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस छल-कपट की राजनीति करती है। गरीबों, दलितों, जनजातियों के विकास, गरीब कल्याण, सुशासन के साथ देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत से जिताएं। जनसभा को केंद्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री व पार्टी प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के साथ रपटा घाट में माँ नर्मदा का पूजन किया। जिसके पश्चात रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वनवासी बंधुओं के साथ पारंपरिक नंगाडा वाद्य यंत्र भी बजाएं।



### जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं को नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंश, कायाकल्प अवार्ड

**मण्डला।** जिले की स्वास्थ्य संस्था जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल नैनपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-मवई, बम्हनी बंजर, नारायणगंज, बिछिया, निवास एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-बकौरी, अंजनिया, ककैया, मोचा, चिरईडोंगरी, समनापुर, विजयपुर, नैझर, अंजनी एवं हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर इन्द्री, पौंड़ी एवं बिलगांव को नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंश, कायाकल्प अवार्ड से पुरूस्कृत किया गया है। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध करावाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंश सर्टिफिकेशन, कायाकल्प अवार्ड से उस संस्थाओं को पुरूस्कृत किया जाता है, जिनमें राष्ट्रीय स्तर के पैरामीटर एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाऐं दी जा रही हो। स्वास्थ्य संस्थाओं का सर्टिफिकेशन राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय असेसमेंट टीम के द्वारा वर्ष 2023-24 माह जनवरी-फरवरी 2024 में किया गया था। क्वालिटी सर्टिफिकेशन कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के मार्गदर्शन में डॉ. संजय मिश्रा, क्षेत्रीय संचालक एवं डॉ. के.सी. सरौते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मण्डला के निर्देशन में जिले की क्वालिटी टीम एवं विकासखण्ड की टीम द्वारा सतत प्रयास के फलस्वरूप यह पुरूस्कार प्राप्त हुआ है।

### आज एक अभ्यर्थी ने भरा नामांकन

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 22 मार्च को मण्डला संसदीय क्षेत्र में एक अभ्यर्थी फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा भारतीय जनता पार्टी की ओर से नामांकन पत्र प्रस्तुत किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2024 नियत है।

### स्वीप खेल उत्सव के तहत क्रिकेट मैच

**मण्डला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले भर में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बीजाडांडी में स्वरागिनी संकुल स्तरीय संगठन एवं उन्नति सीएफएल की समूह की दीदियों ने क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। समूहों की महिलाओं का मैच देखने ग्रामीणजन और बच्चे बड़ी संख्या में पहुँचे। साथ ही उपस्थित प्रतिभागियों को नैतिक मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार घुघरी जनपद पंचायत में महिला क्रिकेट मैच खेला गया तथा विजेता टीमों को सम्मानित भी किया गया।



## भाजपा ने देश में मातृशक्ति को नेतृत्व करने का अवसर दिया-डॉ मोहन यादव

*** शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री यादव एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय सेना में हमारी बहनों को कार्य करने का अधिकार और अवसर प्रदान किया है। देश के लोकतंत्र में सबसे बड़े पद पर आदिवासी महिला को नेतृत्व करने का अवसर दिया है। सच्चे अर्थों में देश के लोकतंत्र को बचाने का काम प्रधानमंत्री श्री मोदी जी कर रहे हैं प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मातृशक्ति को हर क्षेत्र में कार्य करने का पावर दिया है उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति भाग्यशाली हैं कि उन्हें मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है जो आपके लिए अच्छे से अच्छा सोचते हैं और बेहतर से बेहतर कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री श्री यादव ने उपस्थित मातृशक्ति से पूछा कि जो आपके लिए अच्छा सोच रहे हैं अच्छा कर रहें हैं क्या उनके लिए हमें अच्छा करना चाहिए या नहीं इस बात को सुनकर उपस्थित मातृशक्तियों ने तालियां व नारे से समर्थन किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर क्षेत्र में नया-नया नेतृत्व खड़ा कर रही है संगठन में कार्य कर रहे व्यक्ति को पद प्रतिष्ठा के साथ संगठन समाज व सत्ता में काम करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं वहीं विपक्ष अपने परिवार से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं उन्होंने आव्हान किया कि लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते को विजयी बनाकर मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपना आर्शीवाद प्रदान करें।

### शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज के सभी वर्गो को नेतृत्व देने का प्रयास है-विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को नये नेतृत्व और समाज के सभी वर्ग की मातृशक्तियों को नेतृत्व प्रदान करने का प्रयास है प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिला आरक्षण प्रदान कर लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सशक्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। भाजपा सरकार में महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं है बल्कि देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान है। जिसमें लखपति दीदी,ड्रोन दीदी, लाडली बहना, बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओ जैसी अनेक योजनाएं चलाकर महिलाओं को देश में नेतृत्व करने की भूमिका में खडा किया है। श्री शर्मा ने कहा कि मोदी जी की लोकप्रियता मातृ शक्तियों में सर्वाधिक है क्योंकि मोदी जी का लक्ष्य गरीब, महिला, युवा, किसान को सशक्त कर उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाना हैं।

**संकट** | **आने वाले वर्षो में जल संकट लेगा विकराल रूप।**

# जल संकट के आहट की अनदेखी घातक

*** जल स्त्रोतों को सहेजने चलानी होगी मुहिम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी अकेले भारत में है, ऐसा माना जा रहा है कि 2050 तक पानी एक विकराल समस्या के रूप में सामने होगी। जनसंख्या में वृद्धि, शहरीकरण, औधोगिककरण, जलवायु परिवर्तन और अकुशल जल प्रबंधन जैसे कारकों की वजह से आने वाले समय में पानी की कमी से गंभीर और दुरगामी परिणाम हो सकते हैं। सन् 2002 के आंकड़ों के अनुसार भारत की लगभग 66 करोड़ की आबादी 12 नदी बेसिनों के आसपास बसी है और इस पर निर्भर है। सन 2050 तक इन 12 नदी बेसिनों 120 करोड़ लोगों का बोझ होगा। सन् 2002 में नर्मदा बेसिन की आबादी 1.79 करोड़ था जो सन् 2050 तक 2.9 करोड़ हो जाएगा।

करोड़ों रुपये नदियों को प्रदुषण मुक्त करने के नाम पर खर्च हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई भी सरकार यह दावा करने में समर्थ नहीं हो पाई है कि अपने यहां से बहने वाली नदियों को प्रदुषण मुक्त कर दिया है। भयावहता का अंदाज़ा केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के इस आकलन से लगाया जा सकता है कि देश की 450 में से 350 नदियां प्रदुषित हैं। नदियां महज जल स्त्रोत ही नहीं है, भारत सहित कई देशों में यह सांस्कृतिक पहचान के साथ धार्मिक आस्था का प्रतीक है। लेकिन बढ़ते प्रदुषण का जहर इन जीवन धाराओं को जहरीला बना रहा है और इंसानी स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है।

एक अध्ययन से पता चला है कि नाईट्रोजन प्रदूषण के चलते अगले 26 वर्षों में दुनिया भर में साफ पानी की भारी किल्लत हो सकती है। इकोलॉजीकल थ्रेड रजिस्टर 2020 के अनुसार भारत में करीब 60 करोड़ लोग आज पानी की जबरदस्त किल्लत का सामना कर रहे हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा जारी नए विश्लेषण के अनुसार वैश्विक स्तर पर ताजे पानी में पाई जाने वाली मछलियों की करीब एक चौथाई प्रजातियों प्रदुषण के कारण विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है।

दुनिया भर में उपलब्ध कुल ताजा पानी में केवल 4 प्रतिशत भारत के पास है। वल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट की रैंकिंग के मुताबिक दुनिया के सबसे जल निर्धन देशों की सूची वाले 17 देशों में भारत 13वें स्थान पर है। आंकड़ों के अनुसार 1960 में 30 लाख ट्यूबवेल थे। अगले 50 वर्षों में 30 करोड़ पहुँच गई। जिसके कारण भूगर्भीय जल पाताल में जा रहा है। भारत ने 2022 में भूजल पर निर्भरता को आंशिक रूप से कम किया है लेकिन पंजाब, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली लगातार रीचार्ज से अधिक भूजल का दोहन कर रहे हैं।

दूसरी ओर दुनिया भर में पानी के कारोबार से मुनाफा कमाने का जबरदस्त उधोग फल फूल रहा है। मोटे अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में सिर्फ बोतल बंद पानी से की जाने वाली कमाई का आंकड़ा 270 बिलियन डॉलर (लगभग 22 लाख 41 हजार करोड़) के आसपास है। जबकि 2022 की रिपोर्ट अनुसार भारत में यह कारोबार 1.80 लाख करोड़ का हो गया है। हर साल भारतीय 35 अरब लीटर पानी खरीद कर पी रहे हैं। प्रत्येक वर्ष इसमें 18 प्रतिशत बढोत्तरी होना अनुमानित है।

मेला चलो।। मेला चलो।। मेला चलो।।
मचलेश्वर मेला हिरदेनगर 2024
पेसा एक्ट के तहत आयोजन
महाशिवरात्रि 08 मार्च 2024 से
होलिका दहन 24 मार्च 2024 तक
निवेदक- ग्राम पंचायत हिरदेनगर जिला मण्डला (म.प्र.)

# सड़कों पर धडल्ले से दौड़ रही फर्जी तौर से म.प्र. शासन लेख वाले वाहन

गाडरवारा

इन दिनों लोकसभा चुनावों का बिगुल बजते ही जहां संपूर्ण प्रशासन शांति पूर्वक चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा हुआ देखा जा रहा है तो दूसरी ओर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर संदिग्धों पर नजर रखने के लिये आये दिन दिशा निर्देश होते हुये देखे जा रहे है। इसी के परिपालन में जिस प्रकार से जिला दंड अधिकारी द्वारा संपूर्ण जिले में लागू की गई धारा 144 के चलते निश्चित तौर से आमजन अनेक प्रकार की पांदियों में दिखाई देने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि शांति पूर्वक चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये उनके द्वारा जिले की सभी सीमाओं पर नाकेबंदी की गई और अन्य दूसरें जिलों से प्रवेश करने वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस प्रकार से जिला दंड अधिकारी द्वारा बनाये गये नियमों को तोड़ते हुये अनेक लोग इस प्रकार से भी देखने मिल रहे है जो चैक पोस्टों में बैठे हुये अधिकारियों को गुमराह करते हुये धडल्ले से शासन के नियमों को तोड़ते हुये अपने दो पहिया वाहनों से लेकर चार पहिया वाहनों में घूमते हुये दिखाई पड़ रहे है? इस सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि इस समय नगर की सड़को पर अनेक वाहन इस प्रकार से घूमते हुये देखे जा रहे है जिन पर फर्जी तौर से म.प्र. शासन या फिर अन्य किसी शासकीय पद का लेख होने के कारण चल रही शांति पूर्वक चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने के बनाये गये नियमों को धडल्ले से तोड़ने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? क्योंकि इस समय जिला दंड अधिकारी के निर्देश के चलते सड़को पर दौड़ने वाले सभी प्रकार के वाहनों वाहनों की चैकिंग करने के आदेश जारी किये गये है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि शहरों से लेकर क्षेत्र की सड़को पर इस तरह के वाहन आसानी से देखने मिल सकते है जिन पर नियमों के खिलाफ हूजर से लेरक अनेक प्रकार के लेख खिले हुये आसानी से देखे जा सकते है। इतना नही नही अनेक वाहनों में तो फर्जी तरीके से म.प्र. शासन या फिर अन्य प्रभावशाली पदों का लेख भी दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। इस तरह नगर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर घूमने वाले अनेक वाहन इस प्रकार से दिखाई दे रहे है जिनमें फर्जी रूप से म.प्र. शासन या फिर अन्य शासकीय पदों का लेख होने के कारण चैक पोस्टों पर तैनात अधिकारी उनको रोकने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है जिसके चलते यह वाहन धडल्ले से निर्वाचन आयोग के आदेश को तोड़ने से नही चूक पा रहे है? इस प्रकार से फर्जी तौर से म.प्र. शासन सहित पुलिस सहित अन्य प्रभावशाली पदों का लेख किये हुये वाहनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर में अनेक टेक्सी कोटा सहित निजी वाहन है जो इस समय एनटीपीसी सहित अनेक शासकीय







कार्यालयों में किराये से लगे होने के कारण उन पर वाहन मालिकों द्वारा आमजन के बीच अपना रौब झाड़ने के लिये म.प्र. शासन या फिर पुलिस सहित अन्य प्रकार के शासकीय पदों का लेख करा लिया गया है। जिसका उपयोग इन लोगों को इस समय करते हुये आसानी से देखा जा रहा है? इतना ही नही कुछ निजी लोगों द्वारा तो अपने वाहनों में कम्प्यूटर के माध्यम से पर्ची निकालते हुये शासकीय संस्था या फिर अन्य किसी का लेख करते हुये सामने के कांच पर चिपकाते हुये चैक पोस्टों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को गुमराह करते हुये अपने वाहनों में प्रतिबंधित किस्म की सामग्री का परिहवन करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है? वही कुछ वाहनों की स्थिति तो इस प्रकार से देखी जा रही है जिन्हें पूर्व में कभी शासकीय कार्यालयों या फिर पुलिस थाने में किराये से लगाया गया था मगर उन्हें किराये से छोड़ दिये जाने के बाद भी इन वाहनों में आज भी इस प्रकार से म.प्र. शासन या फिर पुलिस लिखा हुआ है जिसके चलते वह इस प्रकार के लेख का खुलेआम दुरूपयोग करते हुये जिला दंड अधिकारी द्वारा लागू की गई धारा 144 आदेशो को उल्लंघन करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। वही कुछ वाहन इस प्रकार के भी बताये जा रहे है जो निजी होने के बाद भी उनके ऊपर शासकीय पद दर्ज करते हुये वह नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से अधिकारियों की आंखों के सामने से गुजरते हुये देखे जाने के बाद भी उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही हो पा रही है? सही मायने में देखा जावे तो राजनीति से जुडे हुये लोगों द्वारा अभी से अपने पदों व विभिन्न प्रकार के लेख किये गये वाहनों में चुनाव के दौरान उपयोग होने वाली अवैधानिक सामग्री को यथा स्थान पहुंचाने की तैयारियाँ करना शुरू कर दिया गया है। इस तरह म.प्र.शासन, पुलिस व अपने निर्वाचित होने के पदों सहित अन्य प्रकार से अपने वाहनों में लेख कराते हुये उनका दुरूपयोग करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षित बेरोजगारों का हो रहा जहां तहां शोषण, सरकार की योजनाओं का लाभ कागजों तक ही सीमिति



**सांईखेड़ा।** अभी हमने पिछड़े लोगों के शोषण के संबंध में पढ़ा सुना है पर आज कल शिक्षित युवा वर्ग रोजी रोटी की तंगी के कारण शोषण का शिकार होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है है? यह अकाट्य सत्य है क्योकि पहले से ही देश की सत्तर प्रतिशत ग्राम्यांचलो की जनता गरीबी से पीड़ति है। भ्रष्टाचार की सर्व व्यापकता के चलते पात्रो का लाभ अपात्र उठा रहे है? इस सबके बाद भी शिक्षित बेरोजगार जो गांवो से लेकर नगरों तक सभी जगह रोजगार न होने से परेशान व शोषण का शिकार है? इस समय लगातार बढ़ रही मंहगाई व बेरोजगारी के दौर में बड़ी तादात में युवा वर्ग दुकानो व निजी संस्थाओं में काम करने मजबूर देखे जा रहे है जो मात्र हजार दो हजार से लेकर तीन हजार रूपये से शुरू इनकी मासिक तनख्वा में खुलेआम शोषण का शिकार होने के लिए मजबूर है तो दूसरी ओर इस महंगाई के दौर में उनका घर चल पाना भी मुश्किल हो रहा है। मगर इसके बाद इन्हे अपने मालिक की मनमर्जी के अनुसार काम करना पड़ता है। इसी का परिणाम है कि आजकल शिक्षित बेरोजगारो की बुद्धि हुनर कप्प्यूटर दक्षता आदि का लाभ निजी संस्थाओं व सम्पन्न व्यावसाईयों को मिल रहा है।

### कागजी बन गयी है शासन की अनेक योजनाएं, पात्रों हितग्राहियों की जगह अपात्र हितग्राही हो रहे मालामाल?

**सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्य योजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच होना बहुत जरूरी हो गया है? क्योंकि शासन द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं को आम लोगों को लाभ मिलने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग द्वारा अपनी कलाबाजी के चलते कागजी आंकड़ों में योजनाओं को सफल बता दिया जाता है? इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं की नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है, परंतु नतीजा शूल्य ही होता है? म.प्र शासन के मुखिया ने जिस प्रकार से आम लोगों का भला करने की सोच के चलते जहां अनेक प्रकार की योजनाओं की झड़ी लगा दी है, परंतु गौर करने वाली बात तो यह है कि इन योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दो द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया है उसकी सच्चाई मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है।

### क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वृद्धावस्था पेंशन योजना से वंचित हैं पात्र हितग्राही

**सालीचौका।** शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ा दायक होती जा रही है, इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है? वही क्षेत्र की कुछ पंचायतों की सच्चाई तो प्रकार से देखी जा रही है।

## पॉलीथिन प्रतिबंध को लेकर नगर परिषद सालीचौका ने शुरू की चालानी कार्यवाही

सालीचौका

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि लोगों में लगातार पन्नी के बढ़ रहे उपयोग से जहां अनेक प्रकार की बीमारियाँ तो जन्म ले रही है वही दूसरी ओर प्रकृति पर भी विपरित असर पड़ने से नही चूक रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये म.प्र. शासन द्वारा पॉलिथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर परिषद अध्यक्ष राकेश सिलावट एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी प्रसाद के आदेशानुसार नगर परिषद टीम द्वारा सालीचौका में लगने वाले साप्ताहिक आम बाजार में राजस्व विभाग वसूलीकर्ता और सिविक रिसोर्स मैनेजमेंट की टीम के साथ



दुकानों पर सर्च अभियान चलाते हुये सभी दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन का उपयोग ना करने के निर्देश देते हुये कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। वही दूसरी जिन लोगों द्वारा नगर परिषद द्वारा निर्देश देने के बाद भी पॉलिथिन का उपयोग किया जा रहा है उनके खिलाफ चलानी कार्यवाही की गई। वही साप्ताहिक बाजार में जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। इस तरह पॉलिथिन विरोधी टीम में मुख्य रूप से राजस्व प्रभारी मुकेश गुप्ता, संदीप दुबे, वसूली कर्ता वीरेंद्र राय, चित्रकांत पटेल के आलवा सिविक रिसोर्स मैनेजमेंट की टीम मौजूद थी।

## महिला के साथ की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी निवासी एक 47 वार्षिय महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह दिन में करीब 10 बजे अपने आगन की दहलान पर झाड़ू लगा रही थी। उसी समय प्रार्थिया का जेठ रमेश पाली तथा उसका लड़का विनोद पाली दोनो आये और जमीन के पुराना विवाद को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थिया द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा जेठ रमेश पाली ने बांस के डंडा से मारा जो बायें हाथ की कलाई एंव कोहनी के पास लगा तथास विनोद पाली ने लकड़ी के डंडा से मारा जिससे कमर में चोटे आई है। इसी दौरान जब पीड़िता का बेटा दीपक आया और अपनी माँ के साथ हो रही मारपीट को देखकर रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपियों द्वारा उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पंजीयन से विपरीत ट्रेक्टरों का हो रहा है दुरूपयोग?

**गाडरवारा।** कृषि हेतु ट्रेक्टर का रजिस्टेशन करवाए जाने के बावजूद इसका उपयोग व्यवसाय कार्य के लिए करते हुए देखा जा रहा है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ईट, मिट्टी,रेत, गिट्टी या फिर बांस, बल्ली व अन्य समान ढोतें हुए अनेक ट्रेक्टर धडल्लें से सड़कों पर दौड़तें देखें जा रहे है। जबकि कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत टेक्क्टर ग्रामीण विकास विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के साथ ही अन्य तमाम विभागों व ठेकों पर कार्य करतें कभी भी देखें जा सकतें है? यद्यपि तहसील मुख्यालय का शहरी मार्ग पूरी तरह से बड़ें वाहनों के साथ साथ अन्य व्यवसायों में लगे हुए ट्रेक्टरों को भी प्रति बंधित होना चाहिए, जहां कि बाजार तथा सड़कों व आवागमन को देखते हुए यहां से कृषि कार्य में उपयोगी माने जाने वाले टेक्टर वेखौफ होकर व्यवासियक गतिबिधियों में संलग्न देखें जाने के बावजूद भी प्रशासनिक कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा इस ओर अनदेखी की जा रही है, क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि ट्रेक्टरों पर खुलेआम लिखा होता है कि कृषि कार्य और इनका उपयोग सिर्फ कृषि कार्यो में होना चाहिए ताकि किसान कृषि कार्यो को समय पर कर सके लेकिन शहरी हालातों में ट्रेक्टरों की स्थितियां जो सामने आ रही है वही अस्सी फीसदी व्यवसायिकता के मद्देनजर सामने आ रही है जहां शासन प्रशासन द्वारा कृषि उपयोगी माने जाने वाले ट्रेक्टर का रजिस्टेशन केवल कृषि कार्यो के लिये किया जाता है। लेकिन कमाई के चक्कर में इनका उपयोग व्यवसायिक दृष्टि से किया जा रहा है, जो शासन के नियमों के खिलाफ होने के बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नह होना चर्चा का विषय बना हुआ है वही प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण दिखाई दे रहा है।

## बाइक की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम उमरा देवरी थाना ठेमी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने भाई रवि पटैल व दोस्त गोविंद लोधी तथा राजकुमार लोधी के साथ ग्राम बारहा अपनी अपनी मोटरसायकिल से रिश्तेदारी में आने के बाद अपने गांव वापिस जा रहे थे। प्रार्थी के साथ मोटर सायकिल में गोविंद लोधी बैठा था तथा पीछे भाई रवि पटैल तथा राज कुमार लोधी दूसरी मोटरसायकिल से आ रहे थे। प्रार्थी की मोटर सायकिल क्रमांक **MP** 49 **MQ** 2536 खुद चला रहा था। जैसे ही वह लोग ग्राम बरेली में रेल्वे क्रासिंग के पास पहुंचे की उसी समय मोटर सायकिल क्रमांक **MP** 49 **MR** 5908 के चालक ने अपनी मोटर सायकिल को काफी तेज गति व लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से चलाकर लाया और पीछे टक्कर मार दिया जिससे प्रार्थी तथा गोविंद लोधी दोनों मोटर सायकिल सहित नीचे गिर गये।

## गाडरवारा पुलिस की लगातार चौथी सफलता, कठौतिया निवासी एक के पास से जप्त किया गया ढ़ाई लाख कीमत का स्मैक पावडर

गाडरवारा

आने वाले माह अप्रेल में संपन्न होने जा रहे लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिये जिला अधीक्षक अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में में चलाया जा रहा ''आपरेशन प्रहार'' असमाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबारियों के विरूद्ध निरंतर की जा रही कार्यवाही। इसी के चलते गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिलरा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा अपने थाना क्षेत्र में मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ घुमाये जा रहे डंडे के चलते लगातार पांच दिन में चौथी सफलता हासिल करते हुये समीपस्थ ग्राम कठौतिया निवासी एक युवक के पास से ढ़ाई लाख रूपया कीमत का स्मैक पावडर जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा विशेष अभियान आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जावे साथ ही सर्चिंग अभियान चलाया जाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध कारोबारियों की धरपकड की जावे। निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में गाडरवारा उप पुलिस अधीकक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी द्वारा भी अपनी टीम को सक्रीय करते हुये संदिग्धियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी और मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वों के खिलाफ अपना मुखबिर तंत्र सक्रिया किया गया है। इसी के चलते बीते हुये दिवस मुखबिर द्वारा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी को सूचना मिली की चीचली की ओर जाने वाले रेल्व फाटक के पास के एक युवक कुछ मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड में घूम रहा है। इस सूचना से टीआई तिवारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के आदेश दिये गये। वही उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी उमेश तिवारी के आलवा सहायक उप निरीक्षक पुनीत कटारे, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, प्रधान आरक्षक गोपाल सिंह, वरिष्ठ आरक्षक राकेश झा, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी बल्लू, आरक्षक उत्तम उचाड़िया, आरक्षक सुजीत बागरी, आरक्षक शिवम गुर्जर, आरक्षक अभिषेक सूर्यवंशी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेरा बंदी करते हुये चीचली मर्ग के रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज के नीचे एक युवक को संदिग्ध स्थिति में खड़ा पाते हुये अभिरक्षा में लेकर



जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम प्रदुम्न पिता प्रीतम कौरव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कठौतिया थाना गाडरवारा बताया गया। वही मौजूद गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से पुलिस को 25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिला जिसकी कीमत बाजार में करीबन 2 लाख 50 हजार बताई जा रही है। इस तरह युवक के पास से स्मैक पावडर जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर मा. न्यायायल के समक्ष पेश किया गया। इस तरह मादक पदार्थ के साथ पकड़े गये आरोपी का पता लगाने से लेकर उसकी गिरफ्तार की कार्यवाही में वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे की अहिम भूमिका बताई जा रही है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिये ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में अब तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत 10 प्रकरणों में करीबन 9 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा एवं 47 ग्राम स्मैक पकड़ी जा चुकी है जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 60 हजार रुपये है,जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्त में लिया गया है। इस तरह गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा टी आई उमेश तिवारी की टीम को पांच दिन के अंदर मादक पदार्थो के खिलाप यह चौथी बड़ी सफलता हाथ लगी है।

## पिचकारी, मुखौटों सहित रंग- गुलाल से सजा नगर का बाजार, बच्चों में देखने मिल रहा उत्साह



**गाडरवारा।** निश्चित तौर से रंगों से भरे हुये होली त्यौहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहता है। इस बात की सच्चाई जिस तरह रंगों से सजते हये बाजार में अभी से दिखाई देना शुरू हो चुका है। रंगों का त्यौहर होली वैसे तो 25 मार्च को है जिसे अब मात्र दो दिन ही शेष बचे हुये है। मगर इस त्यौहर की तैयारिया बाजार में पूरे शबाव पर पहुंचती हुई दिखाई देनी लगी है। शहर सहित आसपास के कस्बा व गांवों में भी रंग गुलाल और अलग अलग प्रकार की बच्चों की पिचकारियाँ जिस तरह नगर आ रही है वह निश्चित ही आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो थोक व फुटकर दुकानदार पूर्व को भुनाने में जुट गये है। शहर के झंडाचौक सहित अन्य जगहों पर रंग गुलाल की सजी हुई दुकाने लोगों का मन मोहते हुये लोगो के दिलों में होली की हुडदंग पैदा करन से नही चूक रही है। इस तरह बाजार में देखा जावे जो अनोखों के प्रकार स सजी हुई इन पिचकारियों की कीमत 10 रूपया से लेकर 500 रूपया तथ, वह रंग 10 से लेकर 400 रूपया में 25 से 50 ग्राम के पैकिट बिकते हुये देखे जा रहे है। वही रंग की विरंगी टोपियों की कीमते भी आसमान छूने से नही रही है। वही जब रंगों का विक्रय करने वाले दुकानदारों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि बाजारोंमें रंग गुलाल सज चुके है।

## आखिरकार पंचायतों में जनप्रतिनिधि बनते ही क्यों बदल जाते हैं उनके तेवर?



सालीचौका।

वर्तमान परिवेश यदि ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों में पंचायत स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों की बात करे तो जनप्रतिनिधि बनने के बाद जिस प्रकार से चंद वर्षो के बाद उनके परिवेश में बेतहाशा बदलाब देखने को मिल रहा है उससे पंचायतों में आम जनता का विकास होने की जगह उनके विकास की सच्चाई उजागर होने से नही बच पा रही है? यदि इनकी सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों के पंचायत जनप्रतिनिधि जो खेतों में हल जोतने के आलवा दिन भर मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते हुए देखे जाते थें जिन्हें बीते हुये पांच वर्ष पहले जिस प्रकार से पंचायत स्तर पर जब प्रतिनिधि की कुर्सी मिलने के बाद उन ग्रामों के पंचयात स्तर या फिर अन्य प्रमुख पदो पर पहुंचतें ही कायाकल्प हो जाती है? क्योंकि वह पहले जहां कच्चे खपरैल वाले मकानों में रहने से लेकर दूर दराज के गांवों तक जाने के लिए वाहन के नाम पर मात्र एक मामूली से साईकिल पर ही आश्रित रहतें थें वह आज चंद वर्षो में ही अपनी खेती बाड़ी में प्रकृति की मार झेलते हुए उनके दिन जिस प्रकार से बदले हुए दिखाई दे रहे है जो सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उनकी आये की सच्चाई को जांच करने की ओर संकेत देने से नही चूक पा रही है? क्योंकि अनेक पंचायतों में देखा गया था कि जहां वह शुरूआती तौर में साईकिलों के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे थें मगर वह वह दो पाहिया गाड़ी तो छोटी बात है चार पहिया चम चमाती गाडी घर के सामने खड़ी हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणो के हित के लिए कई योजनाएं व सुविधा मुहैया कराई जाती है जिसका लाभ शायद उन पात्र हितग्राहियों की जगह कही और जाते हुए दिखाई दे रहा है और शायद इसी का परिणाम है कि इन पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों के आये दिन सुख सुविधा के साधन बदल रहे है? इस संबंध में जब ग्रामीण क्षेत्रो का रूख करते है तो खुलेआम ग्रामीणों द्वारा कहा जाता है कि सरपंच जी से हमारे प्रारम्भ से ही घरेलू संबंध थें किन्तु उनके पंचायत के जनप्रतिनिधि बनतें ही श्रीमान जी के तेवर कुछ बदल से गए? वही जिन पंचयतों में महिला जनप्रतिनिधि है वहां के लोगों के मुंह से तो यह तक सुना जाता है कि बा भौजी तो पहले सी ऐसई थी और अब भी एसई है, मनों जब से भौजी पंचायत की जनप्रतिनिधि बनी है तब से भैया के मन जलबे है, अब बे तो भौजी के पद पर खुदई भैया मजा कर रहे है? कोई समस्या पूछनें या बताने पर सीधें मुह बात नही करतें और न ही किसी योजना की जानकारी देते। इतना ही नही उनके रहन सहन, घर- द्वार, ठाट- बाट, आवागमन की पर्याप्त सुविधा, पूरे खेत खलिहानो में अपने जनप्रतिनिधि बनने के चंद वर्ष के बाद ही परिवर्तन नजर आने लगता है? उल्लेखनीय है कि इस प्रकार से क्षेत्र की अनेक पंचातयों के पदों पर जिस प्रकार से जनप्रतिनिधियों के आसीन होते ही मात्र एक दो साल बाद ही उनके दिन बदल जातें है, काबिले गौर है कि आखिर पंचायत जनप्रतिनिधि बनने के बाद रहने के स्तर से लेकर आवागमन के साधनों में आए बदलाव को लेकर ग्रामीण मतदाताओं में जहां पंचायत प्रतिनिधि चर्चा का विषय बन जाते है? वही कुर्सी पाने के बाद चंद दिनों के उपरांत बदलते जनप्रतिनिधियों के रहन सेहन से इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि पंचायतो के विकास कार्य होते है

खबर संक्षेप

## जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई प्रेसवार्ता



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रेसवार्ता संपन्न हुई। उक्त प्रेसवार्ता में जिले के पत्रकार और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे! प्रेसवार्ता में सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील स्तर पर बीएलओ, जीआरएस, सचिव व सीइओ जनपद पंचायतों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी है।

## मोबिलाइज संघ डिंडोरी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिले से मोबिलाइजर्स संघ डिंडोरी ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को मानदेय भुगतान वृद्धि और विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को आवेदन दिया और जिला डिंडोरी महामंत्री अयोध्या प्रसाद रैदास जी कहा की संकल्प पत्र के पेज क्रमांक 35 में पेसा मोबिलाइजर्स की मानदेय भुगतान वृद्धि 4000 से बढ़ाकर 8000 करने के लिए दर्शाया गया है लेकिन आजतक मानदेय भुगतान वृद्धि नही हो रहा है जिसके चलते ध्यान आकर्षण को लेकर माननीय मुख्यमंत्री को शाहपुर के बालपुर में आयोजित वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर आवेदन दिया गया।जिसमे मोबिकाइजर्स संघ डिंडोरी जिला महामंत्री एवम शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद रैदास, जिला उपसचिव सरस्वती व्योहार , डिंडोरी संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता मदन परस्ते ,करंजिया से संजय सरैया उपस्थित रहे।

## हटाने में प्रशासन को आ रहा पसीना

# कागजों में भारमुक्त पोषण पुनर्वास केंद्र प्रभारी

### तबादला के बावजूद जमी हैं प्रभारी





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर के आदेश को कितना संजीदगी में लिया जाता है, इसका नमूना जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में देखा जा सकता है। जहां प्रभारी को हटाने संबंधी कलेक्टर के आदेश के परिपालन में प्रभारी को भले ही कागजों में भार मुक्त कर दिया गया हो, लेकिन हकीकत यह है कि केंद्र प्रभारी अभी भी जिला अस्पताल में संचालित केंद्र में ही जमी हैं। इनको हटाने में अस्पताल प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। जबकि एक पखवाड़े पूर्व कलेक्टर ने केंद्र में अनिमिताओं और योजना में लापरवाही बरतने पर केंद्र प्रभारी का तबादला करंजिया करने आदेश जारी किया था। बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन पोषण पुनर्वास केंद्र प्रभारी को भार मुक्त नहीं कर पा रहा है। पूरे मामले में दिलचस्प पहलू यह है कि आदेश के पालन नहीं होने पर कलेक्टर भी खुद को असहज महसूस कर रहे हैं और अब आदेश के पालन हेतु सीएमएचओ को जिम्मेदार बतला रहे हैं गौरतलब है कि इमरजेंसी वार्ड के ऊपर संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र से मिल रही शिकायतों पर कलेक्टर विकास मिश्रा ने दो सप्ताह पूर्व केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया था और केंद्र संचालन में अनिमिताओं की शिकायत सही पाए जाने पर केंद्र प्रभारी रूपा नामदेव का स्थानांतरण तत्काल करंजिया विकासखंड करने आदेश जारी किया था।लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने केंद्र प्रभार को हटाने में नाकाम नजर आ रहा है।वह रोजाना हाजरी रजिस्टर में हस्ताक्षर कर रहीं हैं और अन्य दस्तावेज के संधारण के साथ केंद्र का भी संचालन करती देखी जा सकती हैं।सूत्रों के मुताबिक कागजों में केंद्र प्रभारी को रिलीव किया गया है।इस बाबद सीएमएचओ डॉ रमेश मरावी का कहना है कि उनके द्वारा केंद्र प्रभारी को भार मुक्त कर दिया गया है।यदि अभी भी केंद्र प्रभारी अपनी सेवा केंद्र में ही दे रहीं हैं तो इस बाबद जानकारी लेकर कार्रवाई की जावेगी।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र प्रभारी का तबादला पूर्व में ही करंजिया कर दिया गया है। उनको हटाने की जिम्मेदारी सीएमएचओ की है। आदेश का पालन क्यों नहीं किया जा रहा,इस बाबद जानकारी ली जावेगी।

**-जिला कलेक्टर डिंडोरी विकास मिश्रा**

## एमडीएम प्रभारी के पक्ष में प्रांतीय महिला समूह



### शिकायत को बतलाया निराधार

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को माध्यान भोजन प्रभारी की मनमानी की शिकायत कुछ महिलाओं के द्वारा की गई थी। उक्त शिकायत को निराधार बतलाते हुये प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ म.प्र. (एमडीएम, सांझा चूल्हा) ने शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को एक पत्र सौंपा है।जिसके माध्यम से बतलाया गया है संघ के द्वारा एमडीएम प्रभारी आनंद मौर्य के विरुद्ध कोई ज्ञापन नही दिया गया है।इसके साथ ही संघ ने माध्यान भोजन प्रभारी द्वारा धमकी की शिकायत को भी निराधार बतलाया गया है। प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि संघ की कोषाध्यक्ष सरोज तिवारी द्वारा संघ के लेटर हेड का दुरूपयोग करते हुए आंनद मौर्य के विरूद्ध झूठी शिकायत एवं ज्ञापन दिया गया है, जिसका हमारे संघ से कोई लेना देना नही है एवं श्रीमति सरोज तिवारी कोषाध्यक्ष को हमारे संघ से निष्काषित किया जा चुका है।

## पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यकम संपन्न हुआ




**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैठल हाल में आज को पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालेंटियर्स को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, भरण पोषण कानून, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पाक्सो एक्ट, किशोर न्याय बालको की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 एवं नियम 2014 व 2017, मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य, गिरफतारी व जमानत से संबंधित कानून, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य, भ्रष्टाचार अधिनियम, विद्युत अधिनियम एनडीपीएस एक्ट के संबंध में न्यायाधीशगण ने विस्तार से जानकारी प्रदान की। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे द्वारा माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित से किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान, तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड रिजवाना कौसर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनाली शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मोहसिना खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उत्कर्ष राज सोनी, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्बद्ध माननीय पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर विकास मिश्रा ने ली शहपुरा के सेक्टर अधिकारियों की बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 14 मंडला के अंतर्गत सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र 103 शहपुरा के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन सहित सभी सेक्टर अधिकारी मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने संयुक्त टीम को आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारियों को नियमों के प्रति प्रतिबद्ध किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रथम कदम पुलिस व राजस्व टीम का समन्वय होना चाहिए। संयुक्त टीम समन्वित व संयमित होकर कार्य करें। किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत विचार सोशल मीडिया पर प्रेषित न करें, जिससे निर्वाचन की गरिमा भंग हो। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया कराते हुए कहा कि होली का पर्व जिले में आनंद उत्साह से मनाया जाता है। जिसमें विवाद की संभावना, अवैध शराब की बिक्री आदि गतिविधियों भी हो सकती है। इसलिए ऐसी गतिविधियों को समय से पूर्व रोकें। उन्होंने निर्देशित किया कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के लिए जिम्मेवार होंगें। अपने-अपने क्षेत्रों में मूल आवश्यकताओं को सुनिश्चित कराएं। मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में विशेष निगरानी रखें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोलिंग दल की सुरक्षा को संयुक्त दल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में गड़बड़ी करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध मैदानी अमला त्वरित कानून संगत कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण एवं कोलाहल अधिनियम को सख्ती से पालन करें। उन्होंने अधिकारियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए सजग रहने की हिदायत दी। सभी से संयमित होकर कार्य करने के लिए कहा और सभी को निर्वाचन कार्य को बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी है।

## कलेक्टर विकास मिश्रा ने डिंडौरी के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 14 मंडला के अंतर्गत सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र 104 डिंडौरी के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग आर.पी. तिवारी सहित सभी सेक्टर अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने आदर्श आचार संहिता का पूर्णरूपेण पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र में निष्पक्ष, भयरहित, पारदर्शी चुनाव कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि संयुक्त टीम के दायित्वों को विस्तार से बताते हुए आपसी सांमजस्य को प्राथमिकता दें। जिले में 85 प्रतिशत का मतदान लक्ष्य रखा गया है, जिसे पूर्ण करने के लिए गराम स्तर पर कोटवार, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के आपसी सहयोग को बढ़ाना सेक्टर अधिकारी की जिम्मेदारी है।कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण एवं कोलाहल अधिनियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है, जिसका पालन करवाना आपकी जिम्मेदारी है। अतः कानून संगत त्वरित कार्यवाही करें, प्रत्येक मुद्दे को शांतिपूर्ण व्यवहार से कानून के दायरे में रहकर निपटाएँ।कलेक्टर ने स्वीप गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सामाजिक पर्वों का उपयोग करने की सलाह दी। होली व ईद जैसे पर्वों से मतदाताओं में जागरूकता प्रसारित होगी। सेक्टर अधिकारी संवेदनशील मानचित्रण कर सभी गतिविधियों पर निगरानी रखें।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह ने सेक्टर अधिकारियों को सीमावर्ती मतदान केन्द्र और नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखने के आदेश दिए। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को गरिमामय रूप से उत्साहपूर्वक अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को कहा कि शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य प्राप्त करने वाले मतदान केन्द्र को पुरुस्कृत भी किया जाएगा।



## पुलिस चौकी अमरपुर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** पुलिस चैकी अमरपुर में आगामी होली त्यौहार एवं वर्तमान में चल रहे रमजान महीने, ईदुल फितर, नवरात्री पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहिनी सिंह के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में पुलिस चैकी अमरपुर में सभी धर्म के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में होलिका दहन करने वाली समितियों की बैठक ली गई। आयोजित बैठक में नायब तहसीलदार आरपी मार्को, पत्रकार महेंद्र ठाकुर, तीरथ मूलचंदानी, शिवकुमार राजपूत, लियाकत अली, गणमान्य नागरिक युसूफ खान, सुरेश चंद्रौल, माखन साहू, रमेश यादव, रामकृष्ण यादव, महेंद्र साहू, बल्लू रजक, चैकी प्रभारी अतुल हरदहा, केशलाल मरावी सहित समस्त पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में शांति एवं सोहार्द पूर्वक त्यौहार मनाने, लड़ाई झगड़ा नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलने, वर्तमान में लागू आचार संहिता को देखते हुए डीजे साउंड तेज आवाज में ना बजाने, बेवजह जबरदस्ती किसी पर रंग गुलाल नहीं डालने, जबरदस्ती नाका पत्थर लगाकर वसूली नहीं करने आदि मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। आयोजित शांति समिति बैठक में उपस्थित सभी नागरिकों ने शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की सहमति जताई ताकि कोई अप्रिय घटना व दुर्घटना घटित ना हो सकें।

# ग्राम पंचायत बिजौरी के सरपंच सचिव पर ग्रामीणों ने लगाया लाखों के भ्रष्टाचार का आरोप

### -पंच व ग्रामीणों ने शहपुरा सीईओ सी की लिखित शिकायत

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिले की शहपुरा जनपद के अधिकारी, कर्मचारी भ्रष्टाचार करने में जिले में ही नहीं प्रदेश में नंबर वन है। इस जनपद में आने वाली लगभग हर पंचायत में पंचायत कर्मीयो ने शासन को हर साल लाखों रुपए का गबन किया जाता है, जिसकी शिकायत करने पर आज तक कोई ठोस करवाही नही होने के कारण इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है ग्राम पंचायत बिजौरी का जिसमे पंचायत के पंच व ग्राम वासियों ने शहपुरा जनपद सीईओ अरविंद बोरकर को शिकायती आवेदन देकर बताया की ग्राम के सरपंच, सचिव ने निजी लाभ के चक्कर मे 15वे वित और 5वे वित की राशि को फर्जी बिल लगा आहरित कर ली। ग्रामीणो ने मुख्यकार्यपालन अधिकारी से माग की है कि मामले की जांच कर दोषियो के विरूध्द कार्यवाही की जावे।

जनपद शहपुरा की ग्राम पचायत बिजौरी के पंच व ग्रामीणो ने जनपद कार्यालय शहपुरा पहुंच नवागत सीईओ अरविन्द बोरकर को लिखित शिकायत कर आरोप लगाया है कि सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य बुध्दसेन के घर से आगनवाडी भवन तक ग्राम गुतली में सरपंच पुत्र रामफल के बैंक खाते में मजदूरी के नाम पर 95000 रुपए का भुगतान किया गया है। इसी तरह ग्राम मोहरा खुर्द में आंगनवाडी मरम्मत के नाम पर दो अलग अलग स्वीक्रत एव भुगतान किया गया है जबकि ग्राम में केवल एक ही आंगनबाड़ी केंद है। ग्रामीणो व्दारा लिखित शिकायत कर आरोप लगाया गया है कि नल जल योजना के रख-रखाव एव मरम्मत कार्य के नाम पर लगभग दो लाख रू का भुगतान किया गया है, जबकि नल जल योजना पीएचई विभाग द्वारा कुछ माह पूर्व ही ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित किया गया है। वर्तमान में मरम्मत की आवश्यकता नहीं है। 15 में वित योजना के दिशा निर्देशो ग्राम पंचायत की कार्य योजना में शामिल कर पीएचई विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा तकनीकी स्वीक्रति पश्चात ही निर्माण कार्य कराये जाने एव मूल्यांकन के आधार पर भुगतान किए जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार ग्राम चरगांव माल में 15वे वित्त योजना मे नाडेप टांका निर्माण कार्य आंगनबाड़ी के पास एवं तालाब के पास होना स्वीकृत है, बगैर निर्माण कार्य कराये 48000 का अहरण फर्जी बिल वाउचर तैयार कर किया गया है।

### -बिना निर्माण कार्य के राशि आहरित

ग्रामीणों व्दारा आरोप लगाया गया है कि पंचायत के चरगांव मे 15वे वित योजना मे नाडेप निर्माण कार्य आगनवाडी के पास एव तालाब के पास होना स्वीक्रत है बगैर निर्माण कार्य के करीब 48000 रू की राशि फर्जी बिल बाउचर लगा आहरित कर ली गई। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशो के विपरीत कार्यालीन व्यवस्था के नाम पर लाखो रूपयो का आहरण फर्जी तरीके से किया गया है।

### इनका कहना है,

ग्रामीणों व्दारा शिकायत प्राप्त हुई है मामले की जांच करवाई जा रही है। जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही होगी।

**-अरविद बोरकर, सीईओ जनपद**

# तीन पटवारियों की एक-एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर बैद्यनाथ वासनिक ने तीन पटवारियों की एक एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से आगामी आदेश पर्यंत रोकने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में उल्लेखित है कि बजाग तहसील के पटवारी वसीम कुरैशी, शहपुरा तहसील के पटवारी देवव्रत राजपूत और डिंडौरी तहसील के पटवारी बृजेन्द्र सिंह को राजस्व से संबंधित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण न करने और ई-केवायसी एवं नक्शा तरमीम के कार्यों में सर्वाधिक निराशाजनक कार्य प्रगति होने के कारण, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 के तहत एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से आगामी आदेश पर्यंत रोकी गई है। तत्सम्बंध में डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि उक्त तीनों पटवारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया था। जिसका जवाब संतोष जनक नहीं पाये जाने पर इनके विरुद्ध उपरोक्त कार्यवाही की गई है।

## विधवा महिला को केरोसिन डालकर जिंदा जलाने की कोशिश,

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडौरी जिले के शहपुरा में जमीनी विवाद को लेकर विधवा महिला पर कुछ लोगों के द्वारा केरोसिन डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गई। पीड़ति महिला ने शहपुरा थाना पहुंचकर इसकी पुलिस से शिकायत की है।महिला ने बताया कि पड़ोसी रम्मू यादव, मदन यादव एवं अन्य तीन महिलाओं ने मिलकर उसके साथ मारपीट की एवं रोड में लाकर केरोसिन डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गई। पीड़ति महिला की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं 294,323,506,34,324 के तहत आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ति महिला ने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### एसएसटी संबंधी संशोधित आदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के लिए विधानसभा क्षेत्र के लिए अधिकारियों- कर्मचारियों को स्थैतिक गिनरानी दल- एसएसटी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने पूर्व में जारी आदेश को आंशिक संशोधन कर नवीन आदेश जारी किया है। उन्होंने सदस्यों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए आदेशित किया है।

### उड़नदस्ता दल गठित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा-2024 के सफल संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को उड़नदस्ता दल- एफएसटी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के प्रस्ताव पर अतिरिक्त उड़नदस्ता दल- एफएसटी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र 14- मंडला के अंतर्गत आने वाली जिले की गोटेगांव विधानसभा के लिए सहायक विकासखंड प्रबंधक गोटेगांव धर्मेन्द्र साहू और लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17- नर्मदापुरम अंतर्गत आने वाली नरसिंहपुर विधानसभा के लिए उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नरसिंहपुर प्रदीप धुर्वे को नियुक्त किया गया है। शेष आदेश को यथावत रखा गया है।

### चना व मसूर उपार्जन कार्य 26 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उपार्जन नीति के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी सीजन वर्ष 2023- 24 (विपणन वर्ष 2024- 25) में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन कार्य 26 मार्च से 31 मई 2024 तक की अवधि में किया जायेगा। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने उपार्जन अंतर्गत आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए तकनीकी अधिकारी/ कर्मचारियों (तकनीकी सेल) का दल गठित किया है।

### शहीद के नाम कविता का पैगाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत माता के अमर सपूत परम श्रद्धेय सुखदेव भगतसिंह राजगुरु के बलिदान दिवस अवसर पर गायत्री मंदिर सभागृह सदर मढ़िया नरसिंहपुर में 23 मार्च 2024 शनिवार को सायं 3.30बजे से शहीदों के नाम कविता का पैगाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अतिथी डा. अनंत दुबे समाजसेवी सुनील कोठारी सहित अन्य की उपस्थिति में किया जावेगा।

### उपार्जन संबंधी नियंत्रण कक्ष

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उपार्जन नीति के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी सीजन वर्ष 2023- 24 (विपणन वर्ष 2024- 25) में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन कार्य 26 मार्च से 31 मई 2024 तक की अवधि में किया जायेगा। इस सिलसिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने उपार्जन अवधि के दौरान उपार्जन/ कृषकों को आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिले में उपार्जन संस्थायें एवं कृषक उपार्जन संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उक्त दूरभाष पर प्रातः 10.30 बजे से सायं 6 बजे तक सम्पर्क कर समस्या का निराकरण प्राप्त कर सकेंगे। उक्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाये, जो एक रजिस्टर संधारित करेगा, जिसमें प्रतिदिन सम्पर्क करने वाले कृषक का नाम, पता, मोबाइल नम्बर, समस्या विवरण तथा क्या निराकरण किया गया है, उसको दर्ज करेगा।

## करेली पुलिस की कार्रवाई..... अफीम के 54 पौधों सहित दो आरोपी गिरफ्तार

### घर के पीछे बाड़े मे की जा रही थी अफीम की खेती

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर / करेली।** गत दिवस थाना पुलिस करेली द्वारा अवैध मादक पर्दाथ का पर कार्रवाई करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । उक्त संबंध मे एसडीओपी तथा थाना प्रभारी करेली द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर मामले का खुलासा किया गया जिसमे बताया गया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना करेली अंतर्गत ग्राम छीतापार मे अफीम की खेती की जा रही है जिसपर कार्रवाई की गई । ज्ञात हो कि जिले मे अवैध मादक पदार्थ अफीम के विक्रय के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। परंतु इस बार अवैध मादक पदार्थ को लेकर पुलिस की तत्परता से करेली थाना अंतर्गत ग्राम छीतापार में अफीम की खेती का बड़ा मामला सामने आया है। जिसका पदार्फाश करने में करेली पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

### मामला इस प्रकार

करेली थाना स्थित सभाकक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसडीओपी श्रीमती मोनिका तिवारी, थाना प्रभारी नगर निरीक्षक सुभाष चंद्र बघेल, उप निरीक्षक प्रकाश पाठक ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेंद्र पटेरिया के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती के विरुद्ध कार्यवाही में दो आरोपियों




सहित 54 पौधे कीमती करीबन 80000 रुपए के जब्त किए गए हैं। कार्यवाही में थाना करेली पुलिस द्वारा आरोपी शेख लतीफ उर्फ लत्तू मियां पिता शेख ताजुद्दीन उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम छीतापार के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम के 20 पौधे कीमती 2000 रुपए करीबन जप्त किया गया है एवं आरोपी मोहम्मद हसीब उर्फ छोटू पिता शेख हमीद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम छीतापार के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम के 34 पौधे कीमती 6000 करीबन जप्त कर उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 270/2024, धारा 8, 18, 29 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### बाड़े मे लगाई थी अफीम

उक्त संबंध मे बताया कि विगत 21 मार्च 2024 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना मिली कि ग्राम छीतापार निवासी शेख लतीफ अपने घर के पीछे के बाड़े में अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती कर रहा है, जिस सूचना पर कार्यवाही करते हुए हमराह स्टाफ को लेकर ग्राम छीतापार आरोपी शेख लतीफ के घर के पीछे के बाड़े में तलाश करने पर अवैध मादक पदार्थ अफीम के 20 पौधे पाए गए, जिन्हें वैधानिक कार्रवाई करते हुए जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने कुछ अफीम के बीच अपने भांजे मोहम्मद हसीब निवासी छीतापार को भी दिए थे, जिसने अपने घर के पीछे के बाड़े में उक्त मादक पदार्थ अफीम के पौधे उगा रखे हैं। उक्त सूचना की तस्दीक करते हुए मोहम्मद हसीब के घर तलाशी करने पर अफीम के 34 पौधे पाए गए, जिन्हें वैधानिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जप्त कर आरोपी मोहम्मद हसीब उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में एसडीओपी श्रीमती मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नगर निरीक्षक सुभाषचंद्र बघेल, उप निरीक्षक सीएस यादव, प्रकाश पाठक, सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय, शिशुपाल चौधरी, आरक्षक संदीप बागरी, अमित यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## जिले में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम






**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की सहभागिता हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन व जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 119- नरसिंहपुर के तहत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में जिला स्तरीय युवा संसद मंचन कार्यक्रम के दौरान मतदान करने की शपथ ली गई। इसी तरह शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नैतिक मतदान करने और अन्य मतदाताओं जागरूक करने की शपथ ली। विधानसभा क्षेत्र 121- गाडरवारा के तहत महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में ₹यूथ चला बूथ₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रोजेक्टर के माध्यम से ईवीएम एवं मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया विद्यार्थियों को समझाई।

मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने महिलायें आ रही आगे

विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव के ग्राम अंधियारी में महिलाओं ने नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने का संदेश दिया। ग्राम खमरिया में स्वीप अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने ली नैतिक मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान रंगोली बनाकर मतदाताओं को प्रेरित किया। विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले करेली विकासखंड के ग्राम हिनोतिया में राधा कृष्ण स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। विधानसभा क्षेत्र 121- गाडरवारा के अंतर्गत चीचली विकासखंड के ग्राम मोहपानी में आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं द्वारा चल री सखी कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जारी कार्यक्रम के तहत जिले में दो चरणों में मतदान होना है, जिसमें संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मण्डला के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव में 19 अप्रैल को और नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा में 26 अप्रैल को मतदान होगा।



## खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, लिये सैम्पल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों जिले में स्वयं व चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मावा, मावा से बनी मिठाइयां, नमकीन आदि के नमूना का संग्रहण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नदीम खोवा वाले, तृप्ति स्वीट्स, अग्रवाल स्वीट्स, राम कहो होटल, सिंहपुर में विजय चौकसे खोवा वाले, सुरेश चौकसे खोवा वाले, सौर्या होटल से मावा के नमूने लेकर जांच वास्ते खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गये। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 70 से अधिक खाद्य नमूनों की जांच मौके पर की गई। सभी खाद्य कारोबार कर्ता को नियमानुसार शुद्ध, साफ, स्वच्छ खाद्य पदार्थ विक्रय करने के निर्देश दिये गये।

### सड़क पर खड़े एक ट्रक में लगी आग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस नेशनल हाईवे 44 पर करेली से बरमान के बीच स्थित अनिल वेयर हॉउस के सामने सड़क पर खड़े एक ट्रक में आग लग गई। ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। गनीमत रही की ड्राइवर और हेल्पर को कोई क्षति नहीं हुई। करेली पुलिस और नगरपालिका की फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। ड्राइवर धर्म सिंह यादव 28 वर्ष निवासी अकबरपुर देहात कानपुर ने बताया की ट्रक दिल्ली से अहमदाबाद जा रहा था। तभी अचानक ट्रक में आग लग गई। ट्रक के अंदर अमेजॉन का डिलीवरी सामान रखा हुआ था।

### विश्व जल दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** मानव अधिकारों और जरूरतों को संतुलित करने के लिए मिलकर काम करने से पानी एक स्थिर शक्ति और सतत विकास के लिए उत्प्रेरक बन सकता है के महत्व के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के ईकोक्लब के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष की थीम शांति के लिए जल पर आधारित विश्व जल दिवस का आयोजन 22 मार्च 2024 को किया गया । इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर मे विभिन्न स्थानो पर जल संरक्षण से संबंधित स्लोगन लगाकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विश्व जल दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा तथा ईको क्लब प्रभारी श्रीमति शोभा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।



## जल संरक्षण व संवर्धन हेतु किया गया बोरी बंधान

**हरिभूमि न्यूज -करेली ।** विश्व जल दिवस के अवसर पर आज मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड करेली की नवांकुर संस्था रमपुरा द्वारा जल संरक्षण व संवर्द्धन, एवम भौम जल स्तर मैं वृद्धि हेतु बोरी बंधान कार्य किया गया। 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर जल के संरक्षण एवं संबर्द्धन एवम भौम जल स्तर मैं वृद्धि के लिए विकासखण्ड करेली के अंतर्गत सुआतला सेक्टर की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रमपुरा, के ग्राम समनापुर में 'किवलारी नाले' पर विकास प्रस्फुटन समिति पिपरहा तथा नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नन्ही झामर एवम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बगदरी, कलमेटा के संयुक्त प्रयास से जल संरक्षण व संबर्द्धन हेतु प्रभावी पहल स्वरूप प्रारंभिक रूप में अभी लगभग 80 बोरियों से बोरी बंधान कार्य प्रारंभ किया गया है, जो आगे और बृहद स्तर पर किया जाएगा। यह बोरी बंधान स्वेच्छिकता एवं सामूहिकता व स्वाबलंबन के आधार पर जल संरक्षण व संबर्द्धन हेतु किया गया। जिससे कि नाले के बहते पानी को रोककर भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के साथ गर्मियों में पशुओं,जीव-जंतुओं व आम लोगों की जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी और गर्मी में इस पानी से कृषि सिंचाई एवं कृषि व फल सब्जी उत्पादन में मदद मिलेगी। जल संरक्षण एवं संबर्द्धन की दिशा में किये जा रहे ऐसे महत्वपूर्ण व प्रभावी कार्य से न केवल जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि गर्मियों में लोगों को जल की उपलब्धता तथा आम जनों व पशुवों,जीव-जंतुओं को पीने योग्य पानी मिल सकेगा साथ ही कृषि हेतु सिंचाई के क्षैत्र में भी बढ़ोत्तरी होगी तथा भूमिगत जल में बढ़ोत्तरी होगी जिससे आने वाले जल संकट से मानव सहित सम्पूर्ण प्रकृति को कुछ स्तर तक बचाया जा सकेगा। बोरी बंधान कार्य के साथ - साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा जल के सदुपयोग एवं जल के मितव्यता पूर्ण उपयोग हेतु तथा मतदाता जागरूकता हेतु सभी को शपथ भी दिलाई गई। जिसमे मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की विकास खंड समन्वयक श्रीमति माधवी पाठक की विशेष उपस्थिति सहित सक्रिय भूमिका रही



## भजन संध्या में जमकर उड़ा गुलाल, हुई फूलों की होली..

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** भगवन श्री कृष्ण को अपना शीश देने वाले, कलयुग में हारे के सहारे नाम से विख्यात भगवन श्री खाटू श्याम की प्रत्येक एकादशी पर होने वाली महाआरती के तहत खाटू नरेश की प्रसिद्ध एकादशी फाल्गुन शुक्ल रंगभरी एकादशी पर नगर के अग्रवाल गार्डन मे श्री खाटूश्याम भगवान का पावन दरबार सजाया गया। श्री श्याम सेवा समिति करेली द्वारा आयोजित फाग महोत्सव व भजन संध्या मे भक्त ऐसे खोये कि सिर्फ खाटू का ही नाम सबकी जुँबा पर रहा। सर्वप्रथम श्री खाटू नरेश के मनमोहन दरबार को विविध फूलों से सजाकर विधिपूर्वक पूजन अर्चन हुआ। इत्र, शहद, जल से लखदातार भगवान का स्नान हुआ। श्री श्याम बाबा को 56 भोग अर्पित हुए। तदुपरांत बाबा की ज्योत प्रज्जवलित की गई। आयोजन समिति द्वारा गायक कलाकारों का तिलकाभिनंदन व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। ज्योत प्रज्वलन के साथ ही विदिशा से पधारे सुमधुर कंठ के धनी सत्यम ठाकुर द्वारा श्री गणेश वंदना प्रस्तुति के साथ नगर की गायिका यशी चौरसिया ने खाटूश्यामजी को समर्पित एक से बढ़कर एक भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी। जिससे सारा माहौल फाग के रंग से सराबोर हो गया। फूलो/गुलाल के जरिए बाबा के साथ हर्षोल्लास वातावरण में होली खेली गई। सभी जनों ने क्रमशः भक्तों ने उपस्थित होकर हवन कुंड में अपनी और से आहुतियां दी। व खाटू श्याम की आराधना वंदना की। मंच संचालन पत्रकार अमित जैन ने किया। रात्रि 12 बजे श्री खाटू बाबा की महाआरती की गई। देररात्रि तक चले आयोजन में श्याम सेवा मित्र मंडल समिति से पार्षद संजय जैन नेपाली, घनश्याम विश्वकर्मा, ब्रजेश चौरसिया,अमित जैन संजय, अंकुर अग्रवाल, पारस राजपूत, कौशल नेमा, संजय ब्रजपुरिया सहित नगरवासियों व आसपास के अंचलों से भक्त, सागर देवरी गौरझामर से भक्तो के साथ समस्त श्याम भक्तों सहित महिलाओं की उपस्थिति रही।



### कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठकें आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 23 मार्च को महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई है जिसमें सभी बैठकों में होशंगाबाद- नरसिंहपुर के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा एवं पूर्व विधायकगण व वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहेंगे । प्रातः 11 बजे नरसिहपुर में मंडी रोड अमर लान में, 1 बजे रामरतन पटैल अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस करेली के निवास पर, 2 बजे एनटीपीसी भवन करपगांव में, 3 बजे गांधी भवन कौडिंया में, 3:30 बजे उत्सव भवन गाडरवारा में, 5:30 बजे सांईखेडा में दादा धूनी वाले दरबार में दर्शन व सांईखेडा में बैठक आयोजित की गई है ।

### पांचवी एवं आठवीं का मूल्यांकन समाप्ति की ओर

**तेंदूखेड़ा-** आगामी लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष सभी वार्षिक परीक्षाएं एक माह पूर्व प्रारंभ हो गई थी, और परीक्षाएं समाप्त होने के उपरांत परीक्षा परिणाम भी तैयार किए जाने हेतु प्रयास किया जा रहे हैं।लोकल कक्षाओं के साथ वोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी 15अप्रेल तक घोषित किए जाने की दिशा में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आश्वस्त किया जा चुका है। हमारे प्रतिनिधि को बीआरसी सुनील श्रीवास्तव, बीएससी राजेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया है कि सोमवार 18 मार्च से शुरू हुए कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य लगभग 80:पूर्ण कर लिया है, आज दिनांक तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने की संभावना है, सभी विषयों की कॉपी चेक हो चुकी हैं सिर्फ कक्षा आठवीं में गणित एवं अंग्रेजी विषय की कॉपी ही शेष बची है वह भी पूर्ण होने की संभावना है। विगत दिवस डीपीसी डॉय आर पी चर्तुवेदी जिला परियोजना समन्वयक समीर त्यागी एपीसी द्वारा बीआरसी को मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा करने की दिशा में और शिक्षक बढ़ाने निर्देशित किया है । जिससे मूल्यांकन कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो सके।